**एक नजर में**

## अभियान के लिए भाजपा जिला टोली और अन्य टोलियों का किया गठन

**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी 5 जून से 21 जून तक चलने वाले विशेष अभियान कार्यक्रमों के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिला टोली एवं अन्य टोलियों का गठन कर दिया है। जिला टोली के संयोजक जिला महामंत्री जयवंत कोठारी बनाए गए है। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि जिला टोली में सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी रहेगे। जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया एवं प्रहलाद राठौड़ टोली के सदस्य बनाये गये है। विश्व पर्यावरण दिवस की टोली में जिला उपाध्यक्ष जुबीन जैन, जिला मंत्री अनुज शर्मा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र पाटीदार, विशेष जनसंपर्क अभियान में जिला उपाध्यक्ष पद्मा जायसवाल, जिला सहकोषाध्यक्ष राजेन्द्र पाटीदार होस्टल,जिला सह कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सिंह गुडरखेडा, मीडिया संवाद हेतु जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी निलेश बाफना, जनकल्याण शिविर के लिए जिला महामंत्री महेश सोनी, जिला मंत्री राजेन्द्र शांतिलाल पाटीदार, जिला सह कार्यालय मंत्री अखिलेश सिंह की टोली बनाई गई है ।इसी प्रकार मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी के लिए जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, सभागार बैठकें हेतु जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक, रजनीश गोयल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश जैन, प्राकृतिक खेती कार्यशाला के लिए जिला मंत्री राजेन्द्र शांतिलाल पाटीदार, जिला मंत्री अशोक पंड्या एव अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की टोली में जिला मंत्री अनुज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कीर्ति शरण सिंह, जिला मंत्री प्रताप सिंह शामिल किए गए है।

## समान नागरिक संहिता पर सुझाव लेने के लिए उच्च स्तरीय समिति की बैठक 4 जून को

**रतलाम।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में सुझाव एवं विचार प्राप्त करने के लिए राज्य शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 4 जून को मेडीकल कॉलेज के सभाकक्ष मे आयोजित की जाएगी। समिति में उज्जैन के प्रोफेसर डॉ. गोपाल शर्मा तथा इंदौर की शोभा पैठनकर सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति का गठन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत किया गया है तथा इसका समन्वय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में 4 जून को प्रातः 11 बजे आयोजित बैठक में जिले के सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य, रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, कानूनविद, अभिभाषक संघ के सदस्य, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र के प्राध्यापक सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक आमंत्रित रहेंगे। बैठक में समिति के सदस्य उपस्थितजनों से समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव एवं विचार प्राप्त किये जायेंगे। प्राप्त सुझाव राज्य शासन स्तर पर प्रेषित किये जायेंगे।

## स्मृति दिवस पर किया आयोजन

**रतलाम।** सिंधी सनातन धर्म मंदिर सिंधी गुरुद्वारा न्यू रोड़ रतलाम पर संत सहजराम साहेब का स्मृति दिवस सात दिवस तक मनाते हुए गुरू ग्रंथ नाथ का पाठ आरम्भ किया गया। सचिव मन्नु शिवानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 31 मई से सात दिवस स्मृति दिवस के अवसर पर सिंधी गुरुद्वारा न्यू रोड़ पर गुरू ग्रंथ साहिब का पाठ प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से, 11 बजे गुरू ग्रंथ साहेब को भोग लगेगा । प्रतिदिन दादी सुशीला देवी (नागपुर) द्वारा पाठ व संगत मिलकर भजन कीर्तन किए जाएंगे। 7 जून को भव्य भंडारे का आयोजन होगा। स्मृति दिवस के अवसर पर बहाराणा मंडली द्वारा गुरूद्वारे के बाहर ठंडी छाछ का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी गुरुद्वारा समिति अध्यक्ष भजनलाल परमानी, उपाध्यक्ष किशन त्रिलोकचंदानी, सचिव मन्नू शिवानी, कोषाध्यक्ष लालचंद भम्मानी, सेवादार विष्णु मोदी, नरेंद्र मेघानी, रमेश हेमनानी, सुंदर केवलरमानी, दीपक आईलदासानी, सुखराम नोतानी, हरिश भुलचंदानी, महिला समिति से कुमकुम मोतियानी, नेहा पंजवानी, मंजु परमानी, पूनम मोदी, सोनी कुकरेजा, त्रिलोक चंदानी, उषा मोतियानी, मीना केवलरमानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## तंबाकू निषेध दिवस : पेंशनरों ने मानव श्रृंखला बनाई




**रतलाम।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा दो बत्ती चौराहे पर संत एवं कथावाचक ऋषि कुमार शर्मा के सानिध्य में नशा नहीं करने की शपथ ली। इस अवसर पर सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास, वरिष्ठ सलाहकार विजय प्रकाश दुबे, मनोहर पचौरी, सदस्य अरुण वाडकर, महक संस्था के मोदीराम सोलंकी, प्रकाशचंद्र जैन,यू एल जायसवाल, सुधीरकांत दुबे, कमल मेहरा, मनोहर, आर एस झाला, वी एस यादव, दशरथ शर्मा, गोविंदसिंह, कमलजीतसिंह, सुरेश वर्मा, संजय भावसार, सुरेश राठौड़, सुनील पराड़कर, संतोष कुमार सोनी , दिनेश गर्ग, माणक, अशोक दीक्षित, गयाप्रसाद शर्मा, गिरीश वोरा अशोक व्यास, महिला समिति की प्रेमलता जैन, सीता वर्मा, सुषमा गहलोत, मनोरमा गहलोत, रमा श्रीवास, रीता दीक्षित, अर्चना जायसवाल, वीणा मोदी आदि उपस्थित रहे।

# चंद घंटे में दो हादसों ने खड़े किए एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा पर सवाल

- दुर्घटना में किशोरी की मौत 10 लोग घायल
- खाई में गिरी कार, खंभे से टकराकर पलटा ट्रेवलर



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे लगातार हादसों की वजह बनता जा रहा है। तेज रफ्तार और लंबी दूरी के सफर को आसान बनाने के लिए बनाए गए इस एक्सप्रेस-वे पर रविवार को महज कुछ घंटों के अंतराल में दो गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें एक 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा व्यवस्था और वाहन चालकों की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पहला हादसा : धामनोद टोल के पास, कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते खाई में गिरी

हादसा रावटी थाना क्षेत्र में धामनोद टोल से करीब 25 किलोमीटर आगे हुआ। बिहार के गोपालगंज निवासी विक्की कुमार अपने परिवार के साथ सूरत लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए लगभग 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में उनकी 14 वर्षीय पुत्री दीपा कुमारी की मौत हो गई, जबकि पत्नी रानी देवी सहित परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। विक्की कुमार के अनुसार एक ट्रक के ओवरटेक करने के दौरान वाहन को किनारे लेने की कोशिश में कार नियंत्रण से बाहर हो गई।

### दूसरा हादसा : ग्राम पलसोड़ी के पास ट्रेवलर अनियंत्रित खंभे से टकरा पलटा

हादसा दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पलसोड़ी के पास हुआ। मथुरा-वृंदावन दर्शन कर सूरत लौट रहा ट्रेवलर वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे से टकराने के बाद पलट गया। दुर्घटना में चालक सहित छह लोग घायल हुए। हादसे के कारणों को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। चालक ने सड़क पर कुत्ता आने की बात कही, जबकि एक्सप्रेस-वे कर्मचारियों ने टायर फटने की आशंका जताई है। चिंता की बात यह है कि मई माह में ही रतलाम जिले के हिस्से में एक्सप्रेस-वे पर यह चौथा बड़ा हादसा है। इससे पहले 5 मई और 16 मई को हुई दुर्घटनाओं में भी तीन लोगों की जान जा चुकी है।

## डीएलएड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, छह केंद्रों के लिए वितरित की गोपनीय सामग्री

- 2 जून से प्रथम वर्ष और 3 जून से द्वितीय वर्ष की परीक्षा
- थानों में सुरक्षित रखी जाएगी सामग्री



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। परीक्षा शुरू होने से पहले गोपनीय सामग्री का वितरण कर दिया गया है और अब 4 हजार 357 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा का काउंटडाउन शुरू हो गया है। परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा से लेकर व्यवस्थाओं तक सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों हेतु गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण कलेक्टर प्रतिनिधि एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी निदेशक शर्मा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सहायक संचालक राहुल मंडलोई, परियोजना अधिकारी जितेंद्र जोशी, समन्वयक प्राचार्य सुभाष कुमावत सहित शिक्षा विभाग एवं मंडल के अधिकारी मौजूद रहे।

परीक्षा प्रभारी माया मौर्या, शरद शर्मा और प्रेमलता व्यास ने वितरण प्रक्रिया को संपन्न कराया। सामग्री वितरण से पूर्व केंद्राध्यक्षों और सहायक केंद्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन, गोपनीयता और अनुशासन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जानकारी के अनुसार डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा 2 जून से जबकि द्वितीय वर्ष की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी। जिलेभर से कुल 4 हजार 357 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रशासन ने गोपनीय सामग्री की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की है। सामग्री संबंधित थानों में सुरक्षित रखी जाएगी और परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में केंद्राध्यक्षों को सौंपी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

## बाजना में करंट लगने से युवक की मौत

**बाजना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलीपाड़ा में बिजली करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार ग्राम पीपलीपाड़ा निवासी विनोद पिता हालु मईड़ा (30) की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक की मृत्यु बिजली के करंट की चपेट में आने से हुई। हालांकि करंट लगने की परिस्थितियों की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामसिंह खपेड़ द्वारा की जा रही है। पुलिस ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद मौत के कारणों को लेकर विस्तृत जानकारी सामने आएगी।

## पुलिस की जिलेभर में कांबिंग गश्त, 79 स्थाई और 103 गिरफ्तारी वारंट तामील

- मई माह में 1400 से ज्यादा वारंटों पर कार्रवाई,
- गुंडे-बदमाशों और हिस्ट्रीशीटरों की सघन चेकिंग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ रतलाम पुलिस ने एक बार फिर बड़ा अभियान चलाते हुए जिलेभर में व्यापक कांबिंग गश्त की। 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 79 स्थाई वारंटी और 103 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस महानिदेशक के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के सभी अनुभागों में विशेष टीमें गठित की गईं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं मैदान में उतरकर कार्रवाई की निगरानी की। अभियान के दौरान गुंडे-बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, निगरानीशुदा अपराधियों और जिला बदर आरोपियों की सघन चेकिंग की गई। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों का सत्यापन भी किया गया। पुलिस के अनुसार मई माह में ऑपरेशन क्लीन के तहत जिलेभर में कुल 201 स्थाई वारंट और 1201 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए जा चुके हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से फरार आरोपियों और असामाजिक तत्वों में खलबली मची हुई है।

### जारी रहेगा अभियान : एसपी अमित कुमार

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




## कांग्रेस सेवादल के ध्वज वंदन कार्यक्रम में समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कांग्रेस सेवादल रतलाम द्वारा आयोजित मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक एकता और जनसेवा का संदेश प्रमुखता से उभरकर सामने आया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

आयोजन रजनीकांत व्यास एवं जिला सेवादल अध्यक्ष राजनाथ यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता काकरिया, पूर्व उपमहापौर सतीश पुरोहित एवं राजीव रावत विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। ध्वज वंदन के बाद सेवादल के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप राठौर, मेहमूद शेरानी, पार्षद नासिर कुरैशी, जोएब आरिफ फैय्याज मंसूरी, हितेश पेमाल, साबिर भाई, अमरसिंह शेखावत, प्रदीप बटवाल, रमेश पोरवाल, हेमंत नेका, मंजूबाला गुर्जर, अब्दुल गफूर नेता, गोपाल तिवारी, राजू डोडियार, देवचंद सुयल, यूसुफ मंसूरी, विजय उपाध्याय, अमर सिंह राठौड़, निरंजन पुरोहित, मोहन बाथम, पवन राव सहित बड़ी संख्या में सेवादल एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फांसी पर लटका मिला व्यक्ति पुलिस ने शुरू की जांच

**कालुखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिंगराला में एक व्यक्ति का शव घर की सीढ़ियों के पास फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जगदीश पिता बसंतीलाल देवड़ा (45) निवासी ग्राम पिंगराला का शव उनके मकान की सीढ़ियों पर लगी सेंटिंग से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि व्यक्ति ने फांसी लगाई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटा रही है। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## संभागीय पत्रकार महासम्मेलन 29 जून को रतलाम में

- पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग पर संघ का बड़ा ऐलान




**नवभारत न्यूज**

**नामली।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक में ग्रामीण और अंचल के पत्रकारों की भूमिका, समस्याओं और सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के पत्रकार पत्रकारिता की रीढ़ हैं, जो गांवों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर समाधान का रास्ता तैयार करते हैं।

बैठक में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है। इसी क्रम में 29 जून 2026 को रतलाम में संभागीय स्तर पर भव्य पत्रकार महा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति की संभावना जताई गई है।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि महा सम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों के मान-सम्मान, कार्य परिस्थितियों और ग्रामीण पत्रकारों के अधिकारों को लेकर विस्तृत मंथन किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश इकाई के संयुक्त सचिव भेरुलाल टांक और जिला महासचिव दिनेश दवे ने पत्रकारों की समस्याओं और संगठन की गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान नामली क्षेत्र के एक वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित करने का निर्णय भी लिया गया, जिन्होंने 35 वर्षों तक पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखते हुए जनहित में कार्य किया है। संगठन ने उनके योगदान को प्रेरणादायक बताते हुए इसे पत्रकारिता के प्रति सामूहिक सम्मान बताया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप कर्णधार ने किया। नवगठित कार्यकारिणी में विशाल गोस्वामी को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अनिल जाट को सचिव, दीपक गोस्वामी को महासचिव, दिलीप शर्मा को कोषाध्यक्ष, टिपू सुल्तान मंसूरी को सह सचिव तथा रमेश गायरी, राजेश जाट, सुरेश शर्मा और धर्मेंद्र सोलंकी को वरिष्ठ सदस्य मनोनीत किया गया। वहीं शैलेंद्र कोठारी को ब्लॉक संरक्षक और वरिष्ठ पत्रकार हरिश चौहान को वरिष्ठ संरक्षक घोषित किया गया। जिला अध्यक्ष राजेश जैन और संभागीय महासचिव विजय मीणा की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी बंटी डाबी को जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ सदस्य मनोनीत किया गया। आभार जिला उपाध्यक्ष श्रीनाथ योगी ने माना।

## मास पूर्णिमा पर गौ और गजराज सेवा,मनाया जन्मदिन



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति द्वारा अधिक मास (द्वितीय ज्येष्ठ) की पूर्णिमा पर जीव दया सोसाइटी में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौ माता को हरी घास खिलाई गई और अचानक पधारे गजराज (हाथी) को भी आहार कराया गया।

समिति अध्यक्ष अभय सुराणा ने कहा कि धर्म में जीव मात्र के प्रति दया और करुणा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। ऐसे आयोजन समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। इस मोके पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य शैतानमल दुगगड़, पुखराज पटवा, प्रकाशचंद कोठारी और शांतिलाल डांगी का मोतियों की माला पहनाकर जन्मदिन मनाया गया। घुटनों के ऑपरेशन के बाद भी सेवा भाव से पहुँचे लाभार्थी कैलाश चोपड़ा का शाल व माला से बहुमान किया गया। उन्होंने व उनकी धर्मपत्नी ने संस्था को सहयोग राशि भी भेंट की।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में वर्धमान मांडोत, नेमीचंद जैन, राजेंद्र कोचर, प्रकाश पामेचा, अनिल धारीवाल, सुशील मेहता, ऋषभ छाजेड़ और सुनीता मेहता सहित कई सदस्य उपस्थित थे। आभार सचिव राजकुमार हरण ने माना।

**एक नजर में** — नगर पालिका की लापरवाही से गांधी कॉलोनी का मुख्य मार्ग बना परेशानी का कारण

## 22 दिन से खुला पड़ा नाला दे रहा हादसों को न्योता, खुदाई कर भूल गई नगर पालिका

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर के सबसे व्यस्ततम चौपाटी-गांधी उद्यान दुर्गा माता मंदीर चौराहे पर गांधी कॉलोनी के पास नगर पालिका की लापरवाही हादसों को खुला निमंत्रण दे रही है।

10 मई को नाली जाम होने की बात कहकर जेसीबी से खुदाई तो कर दी गई, लेकिन 22 दिन बाद भी गड्ढा खुला पड़ा है। शनिवार और रविवार को हुई प्री-मानसून की बारिश के बाद खुले गड्ढे में पानी भरने से जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार 10 मई को नगर पालिका कर्मचारियों ने नाली जाम होने का हवाला देकर गांधी कॉलोनी के पास नाली की खुदाई की थी।

जेसीबी से गहरा गड्ढा खोदने के बाद कर्मचारी उसे खुला छोड़कर चले गए। तब से न तो मलबा हटाया गया, न ही गड्ढे को पाटा गया और न कोई सुरक्षा घेरा लगाया गया।




### व्यस्ततम चौराहे पर मंडराता खतरा

चौपाटी गांधी उद्यान दुर्गा माता मंदीर चौराहा चोपाटी का सबसे व्यस्ततम इलाका है। दिनभर यहां से सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी इसी रास्ते से निकलते हैं। 22 दिन से खुले पड़े इस गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भरने से अब हादसे की आशंका दोगुनी हो गई है। रात के समय खतरा और बढ़ जाता है।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश:** रहवासियों का कहना है कि शिकायत के बाद भी नगर पालिका ने सुध नहीं ली। खुदाई कर चले गए, अब कोई देखने नहीं आया। बारिश में गड्ढा दिखता ही नहीं, अगर कोई बच्चा या वाहन गिर गया तो जिम्मेदार कौन होगा? स्थानीय व्यापारी ने नाराजगी जताई।

**नगर पालिका से मांग :** क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जनहित में तत्काल गड्ढे को पाटकर सड़क दुरुस्त की जाए, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। मानसून नजदीक है और प्री-मानसून बारिश शुरू हो चुकी है, ऐसे में खुला नाला जलभराव की समस्या और बड़ा रूप ले सकता है।